>

Title: Need to start construction of Vadodara-Mumbai Express way.

श्री बालकृष्ण खांडेराव शुक्ला (वडोदरा): मेरे संसदीय क्षेत्र वडोदरा से गुजरने वाली अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे अच्छी तरह कार्यरत है।

सन् 2006-2007 के बजट भाषण में माननीय वित्त मंत्री जी ने अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे को मुम्बई तक बढ़ाने के बारे में विस्तृत चर्चा की थी।

अहमदाबाद-मुम्बई रास्ते पर बहुत ही ज्यादा वाहनों की आवाजाही हो रही है और पूरे रास्ते में यातायात काफी घना होता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस कार्य के लिए एक परामर्शदाता भी रखा हुआ था।

हमारे गुजरात राज्य ने इसके बारे में बहुत बार लिखा है किंतु आगे किसी प्रकार की प्रगति हो नहीं रही है।

माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी ने बताया था कि यह काम मार्च 2011 में शुरू होगा और 2015 में खत्म होगा। अभी तक इस कार्य में किसी प्रकार की प्रगति नहीं हुई है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस कार्य के लिए कोई तिथि सुनिश्चित कर कार्य प्रारंभ करें और जल्द से जल्द वडोदरा मुम्बई एक्सप्रेसवे शुरू करें।